# कंटेनर से टकराया सवारी वाहन, 4 की मौत

## मैहर सड़क हादसा में 12 से अधिक घायल

**सतना/मैहर, 30 दिसंबर. मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम तिलोरा के पास सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार सवारी वाहन पीछे से कंटेनर ट्रक से जा टकराया.**

दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार सवारी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडवाई 2807 में 15 से 20 यात्री सवार थे. सभी यात्री कटनी जिले के एनकेजी पकरीया से प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) की ओर जा रहे थे. ग्राम तिलोरा के पास हाईवे पर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से वाहन तेज गति के कारण पीछे से टकरा गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे. सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 12 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है. इलाज के दौरान चालक जितेंद्र प्यासी (24) की मौके पर ही मौत हो गई. एक महिला की मौत मैहर सिविल अस्पताल में हुई, जबकि एक अन्य महिला को कटनी रेफर किया गया था, जिसकी रास्ते में मौत हो गई. इसके अलावा एक घायल की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत होने की सूचना मिली है. मृतकों की पहचान धोंगा पटेल (50), चालक जितेंद्र प्यासी, सत्यम पटेल सहित चार लोगों के रूप में हुई है. वहीं कंटेनर ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया.



> थाना प्रभारी रेनू मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है. पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है.

## अंतरराज्यीय साइबर गिरोह की 1.34 करोड़ रुपए ठगी का पर्दाफाश

**रतलाम.** पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर गिरोह की सबसे जटिल और संगठित साइबर ठगी का पदार्फाश किया है. इसमें शहर के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर को मुंबई क्राइम ब्रांच और न्यायालय का डर दिखाकर 1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की गई. यह रकम दे श के चार राज्यों में फैले खातों से होती हुई क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क से ठगी गई है. एसपी अमित कुमार के अनुसार 15 नवम्बर 2025 को फरियादी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल प्राप्त हुआ. कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए फरियादी को गंभीर आरोपों में फंसाने का भय दिखाया.




## टाइगर सफारी और पर्यटन स्थलों पर उमड़ेगी भीड़

- नववर्ष के लिए मुकुंदपुर जू प्रबंधन ने की विशेष तैयारी
- सुबह शहर के सभी देवालयों में लगेगी भीड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 दिसम्बर, नववर्ष 2026 के आगमन और वर्ष 2025 की विदाई में कुछ ही घंटो का इंतजार शेष है. इस बार नववर्ष के स्वागत और जश्न को लेकर सभी जगह तैयारी च रही है. रेस्टोरेंट, होटल एवं बीयर बार में सजावट के साथ ग्राहको को लुभाने के लिये कई आफर दिये गये है.**

वही बाहर के कलाकारो कों बुलाया गया है जो नववर्ष के जश्न में चार-चांद लगाएगे. पर्यटक स्थलो पर भी विशेष तैयारी की गई है, साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. मुकुन्दपुर जू प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर सफारी में विशेष तैयारियां की है ताकि पर्यटको को किसी तरह की असुविधा न हो. गौरतलब है कि वर्ष 2026 के स्वागत में तैयारियां चल रही है. 31 दिसम्बर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ 2025 की विदाई होगी और रात 12 बजे नूतन वर्ष का स्वागत. सुरक्षा को लेकर पुलिस अभी से चौकन्ना हो गई है. रात्रि कालीन चेकिंग और गश्त बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही पर्यटक स्थलो पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. ताकि किसी तरह की दिक्कत न हो.

वर्ष 2025 की विदाई और नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू, मुकुंदपुर पूरी तरह तैयार है. पर्यटकों की भीड़ की संभावना को देखते हुए जू प्रबंधन ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं. आमतौर पर प्रत्येक बुधवार को मुकुंदपुर जू का साप्ताहिक अवकाश रहता है. लेकिन इस बार 31 दिसंबर और एक जनवरी 2026 को पर्यटकों की सुविधा के लिए जू को खुला रखने का निर्णय लिया गया है. जू प्रबंधन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं. नववर्ष के दिन जिले के प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटक स्थल पर भीड़ पहुंचती है.

## एक नजर में

### विधायक ने किया हाट बाजार का शुभारंभ

**खरगोन.** विधायक बालकृष्ण पाटीदार विधायक द्वारा कृषि उपज मंडी समिति खरगोन में साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया. इस हाट बाजार में लगभग 30 से अधिक किसानों ने अपने जैविक प्राकृतिक खाद्यान्न उत्पाद लाए थे. जिनमें अमरूद, केला, पपीता, नींबू, सब्जियों में गिलकी, भिंडी, लौकी, टमाटर, बैंगन, अरबी, पालक, गोभी, ब्रोकली, मेथी, खीरा, मूली, हरा धनिया आदि, अनाज में गेहूं, मक्का, धान, ज्वार, दालें तुअर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, चना दाल आदि, मसाले मिर्च, हल्दी, धनिया, अदरक आदि, औषधियां अमलतास, अश्वगंधा, सफेद मूसली आदि), फसलें, जैविक गुड़, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य जैविक उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध कराए गए.

### हिंदू सम्मेलन के लिए निकाली वाहन रैली

**ग्वालियर.** हिंदू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक चेतना और धर्म रक्षा के उद्देश्य से आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जारी हैं. समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से प्रतिदिन बस्तियों में प्रभात जागरण फेरी निकाली जा रही हैं, वहीं लक्ष्मीपुरम बस्ती में मंगलवार को वाहन रैली निकाली. लक्ष्मीपुरम बस्ती में बुधवार को नटखट हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन के निमित्त वाहन रैली निकाली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची. आज प्रात: 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी.

## युवक की हत्या, 2 महिलाओं सहित 7 पर मामला दर्ज

**शिवपुरी, 30 दिसंबर. जिले के पिछोर अनुविभाग के भौंती थाने की खोड़ चौकी सीमा मे निवास करने वाले एक 22 साल के युवक की एक परिवार के लोगों ने मारपीट कर हत्या कर दी.**

बताया जा रहा है कि युवक के साथ 8 दिन पूर्व मारपीट की दी. घायल युवक की मौत उपचार के दौरान हो गई. युवक की मौत का पता चलने पर पुलिस गांव पहुंची. पीएम कराकर 7 लोगों के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है. जानकारी के मुताबिक ग्राम खैरोना निवासी दिलीप आदिवासी उम्र 22 साल की आपसी रंजिश के चलते गांव के ही एक परिवार के लोगों ने मिलकर मारपीट कर दी. मारपीट में घायल दिलीप ने किसी प्राइवेट क्लिनिक पर अपना इलाज करा लिया. इस कारण पुलिस तक मारपीट की सूचना नहीं पहुंची. लेकिन अंदरूनी रूप से घायल दिलीप ने आज सुबह दम तोड़ दिया.युवक की मौत का पता चला तो खोड़ चौकी पुलिस खैरोना गांव पहुंची. पूछताछ की तो परिजनों ने मारपीट की घटना बता दी. पुलिस ने खैरोना निवासी फूल सिंह सहित उसके बेटे पदम, बल्लू, अमर सिंह, मांगा और ऊषा पत्नी अमर सिंह व तुलसी पत्नी देवलाल के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है.

## आरटीओ-क्लर्क की 3 करोड़ की संपत्ति जब्त

### जबलपुर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया था भ्रष्टाचार का मामला

**जबलपुर, 30 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग में कार्यरत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष पॉल और वरिष्ठ क्लर्क रेखा पॉल से संबंधित लगभग 3.38 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है.**

जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी. जांच में पाया गया कि इन लोक सेवकों ने जांच अवधि के दौरान अपनी वैध आय से कहीं अधिक चल और अचल संपत्ति अर्जित की थी. ईडी की जांच में पता चला कि संतोष पॉल और रेखा पॉल की सत्यापित वैध आय 73.26 लाख रुपये थी, जिसके आधार पर उन्होंने लगभग 4.80 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की और खर्च किए. इससे लगभग 4.06 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति का आंकड़ा सामने आया.



> जांच में ऋण की किस्तों के भुगतान से ठीक पहले उनके बैंक खातों में सुनियोजित और बार-बार नकद जमा का पता चला, जिससे यह संकेत मिलता है कि उन्होंने बेहिसाब नकदी को बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया था. जबलपुर जिले में स्थित जिन संपत्तियों को जब्त किया गया है उनमें आवासीय मकान, आवासीय भूखंड, कृषि भूमि और व्यावसायिक दुकानें शामिल हैं, जिन्हें अपराध की आय के रूप में अस्थायी रूप से जब्त किया गया है.

## 1.18 करोड़ रुपए की संदिग्ध नकदी जब्त

- इंदौर में पुलिस चेकिंग के दौरान कार्रवाई

**इंदौर, 30 दिसंबर. कनाडिया थाना क्षेत्र में एक कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में संदिग्ध नगदी बरामद की. कार की डिक्की से करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये नकद मिले, जिनके संबंध में वाहन सवार संतोषजनक जवाब नहीं दे सके.**

मामले में आयकर विभाग को सूचना देकर कार्रवाई शुरू कर दी है. कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि क्षेत्र में एफआरवी वाहन द्वारा सतत पेट्रोलिंग की जा रही थी. इसी दौरान होटल प्रेसिडेंट के पास एक टाटा नेक्सॉन ईवी कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी. एफआरवी में तैनात आरक्षकों ने कार की जांच की तो उसमें तीन युवक बैठे मिले. पूछताछ के दौरान तीनों घबरा गए, जिससे पुलिस का शक और गहरा हो गया. संदेह के आधार पर जब कार की डिक्की खुलवाई गई तो उसमें भारी मात्रा में नकदी भरी हुई मिली. पूछताछ में वाहन सवारों ने करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये नकद होने की बात स्वीकार की, लेकिन इतनी बड़ी रकम कार में रखने को लेकर कोई संतोषजनक दस्तावेज या ठोस जानकारी पुलिस को नहीं दे पाए.




> मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद तीनों संदिग्धों को कार सहित थाने लाया गया. थाने में पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि यह राशि सेफलेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड और मंत्रम टेक्नो फेब प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है. हालांकि रकम के वैध स्रोत और दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके. संदिग्ध नगदी मिलने की सूचना पर आयकर विभाग को अवगत करा दिया है.

## सरपंच-सचिव और रोजगार सहायक पर गबन करने के आरोप

**छिंदवाड़ा.** मध्यप्रदेश सरकार जिले से लेकर पंचायतों तक विकास कार्यों व अन्य कार्यों के लिए करोड़ों का बजट प्रदान कर रही है. इधर पंचायत में बैठे सरपंच सचिव योजनाओं को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड रहे है. हाल ही में जुन्नारदेव के दुर्रीकला में सचिव-सरपंच और सहायक सचिव की कारगुजारी सामने आई है. जहां तीनों की मिली भगत से करोड़ों का हेरफेरी की है. जिसमें इन्होंने सुकरलाल आम्रवंशी के खेत के समीप तालाब निमार्ण में पूरा काम जेसीबी मशीन से किया है. जबकि नियम के मुताबिक मनरेगा के तहत मजदूरों से काम करवाना था.

## देश को ऊंचाई पर ले जाएगी नई पीढ़ी : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने छात्रों को वितरित की साइकिल

**भोपाल 30 दिसम्बर . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं. हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है. देश को ऊंचाई पर बनाए रखने का कार्य नई पीढ़ी को ही करना है.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शासकीय मार्तण्ड क्र. दो विद्यालय में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण किया. उन्होंने दो करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 12 अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया. शुक्ल ने कहा कि गुरूजनों का दायित्व है कि वह बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दें.



> शुक्ल ने कहा शिक्षकों में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए कि उनके विद्यार्थी आगे बढ़ें. बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उनको विकसित करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करें. विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की भावना जागृत करना आवश्यक है .उन्हें संवेदनशील भी बनाना चाहिए ताकि देश व समाज के लिए वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सके. शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं व कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं.

## संघ-भाजपा की तारीफ 'प्रेशर पॉलिटिक्स'

### दिग्विजय सिंह के बयान पर पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने किया तीखा हमला



**भोपाल, 30 दिसंबर. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा हाल ही में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा किए जाने पर पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने तीखा हमला बोला है. उन्होंने इसे राज्यसभा के लिए की जा रही 'प्रेशर पॉलिटिक्स' करार दिया.**

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह का यह बदला हुआ रुख किसी वैचारिक परिवर्तन का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस नेता ने कभी 'भगवा आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़े, आज वही संघ और राम-राम की बातें कर रहा है. यह बदलाव उनके अनुसार सत्ता और पद की राजनीति को उजागर करता है. पूर्व गृह मंत्री ने सवाल उठाया कि क्या यह बयान वास्तव में आत्ममंथन है या फिर आने वाले राज्यसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाने की रणनीति. उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में भी राज्यसभा जाने के लिए इसी तरह सरकार को अस्थिर करने की कोशिश हुई थी और अब फिर वही पुराना तरीका अपनाया जा रहा है.

> **राज्यसभा चुनाव से पहले की रणनीतिक चाल!**
>
> डॉ. मिश्रा ने आरोप लगाया कि यह पूरी कवायद कांग्रेस हाईकमान को संदेश देने की है, ताकि टिकट और दावेदारी मजबूत की जा सके. उनके अनुसार संघ की प्रशंसा किसी सोच में बदलाव नहीं, बल्कि 'प्रेशर पॉलिटिक्स' का हिस्सा है. इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई है कि दिग्विजय सिंह का यह रुख वैचारिक बदलाव है या राज्यसभा चुनाव से पहले की रणनीतिक चाल.

## नववर्ष को लेकर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

**जबलपुर.** नववर्ष के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना है. नववर्ष का उत्सव शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो. यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता द्वारा नववर्ष के आगमन के पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहर के होटल, बार, पब संचालकों की बैठक लेते हुए कहीं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता द्वारा आयोजकों को निर्धारित समय-सीमा, क्षमता से अधिक भीड़ एकत्र न करने, तेज आवाज में संगीत न बजाने, संबंधी निर्देशों से अवगत कराया गया.

## दो फर्मों ने 45 लाख रुपए सरेंडर किए

### स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की छापामारी में 10 करोड़ का फर्जीवाड़ा उजागर

**जबलपुर, 30 दिसंबर. स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने शहर के अलग-अलग 7 स्थानों पर स्टील मैटल और स्क्रैप कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस छापेमारी में 10 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था. जिसके बाद दो फर्मों ने 45 लाख रूपए सरेंडर कर दिए है.**

डिप्टी कमिश्नर नवीन धुर्वे ने बताया कि तेजस मेटल में गोपीनाथ शर्मा सहायक आयुक्त राज्य कर द्वारा कुल 22 लाख रुपए नगद डीआरसी के माध्यम से जमा कराए गए. इसके अलावा अक्षरा मेटल में रविन्द्र सनोडिया सहायक आयुक्त राज्य कर द्वारा 23 लाख रुपए नगद डीआरसी के माध्यम से जमा कराए गए. जबकि आशीष कोटवानी फर्म में प्रो उपस्थित हुए एवं जांच कार्य में सहयोग करते हुए लेखा पुस्तके प्रस्तुत की जा रही हैं. जांच जारी है.



विदित हो कि स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने फर्मों के सात ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान टैक्स चोरी के खिलाफ हुई कार्रवाई के दौरान दस्तावेजों, माल और इससे जुड़े दस्तावेजों की जांच, स्टॉक, लेखा-जोखों की पड़ताल हुई थी. जिसमें फर्जी बिलों के जरिए खरीद फरोख्त के साथ कारोबारियों ने टैक्स चोरी करने भारी गड़बड़झाला किया है. अभिलेखों, स्टॉक, अन्य दस्तावेजों की जांच में करोड़ों की हेराफेरी का भंड़ाफोड़ हुआ है. कई 14 से अधिक बोगस फर्मे भी मिली थी.जिसमें दाल-चावल, चॉकलेट-बिस्किट और अन्य खाद्य सामग्रियों की खरीदी होती थी लेकिन इनकी बिलिंग एल्युमिनियम, कॉपर व तांबे के स्क्रैप के लिए दशाई जाती थी.

## ट्रैफिक पुलिस का अल्टीमेटम, आप आएंगे गाड़ी से, जाएंगे पैदल!

**नीमच.** नए साल के जश्न से पहले नीमच यातायात पुलिस ने ऐसा पोस्टर जारी किया है, जो न सिर्फ लोगों को हँसाता है बल्कि कानून का सख्त संदेश भी देता है। ट्रैफिक पुलिस ने साफ शब्दों में चेतावनी दे दी है. नशे में गाड़ी चलाई तो मेहमान बनना तय है. यातायात पुलिस, एवं यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगुर्जर द्वारा जारी इस खास पोस्टर में नए साल की रात को लेकर अलग ही अंदाज़ में एलान किया गया है. पोस्टर में लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान न बनें. यानी जश्न मनाइए, लेकिन नियम तोड़कर नहीं. खास मेहमानों के लिए खुला न्योता जैसी बात पोस्टर में लिखी है.

**आयोजन** ग्रामोदय विश्वविद्यालय में व्याख्यान और परिचर्चा

## भारतीय भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं : प्रो .चौबे

**सतना/चित्रकूट. महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा समिति, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय भारतीय भाषा परिवार व्याख्यान एवं परिचर्चा हुई.**

इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि भारतीय भाषाएं आम आदमी की समझ विकसित करती है, प्रेम बढ़ाती है, आपस में जोड़ने का काम करती है. विद्यार्थियों को अपनी मातृ भाषा के साथ साथ एक भारतीय भाषा का भी अध्ययन करना चाहिए. प्रो आलोक चौबे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाषा के नाम पर हुई गलती को लेकर हमें आत्म चिंतन कर सुधार करना चाहिए. भाषा विद्यार्थियों की प्रगति में सकारात्मक योगदान दे, इस गौरवशाली उद्देश्य को आत्मसात कर शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करना चाहिए. प्रो चौबे ने कहा कि मातृभाषा में ही बच्चों की फर्स्ट हैंड अंडरस्टैंडिंग होती है. हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के महत्व को साझा करते हुए उन्होंने जोधपुर आईआई टी में हुए प्रयोग का उदाहरण दिया.




> मुख्य अतिथि प्रो योगेंद्र प्रताप सिंह, हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रयागराज ने कहा कि हम अपनी भारतीय ज्ञान परंपरा का आवाहन करें, तो पाते हैं कि भारतीय भाषा परिवार एकता का परिवार है. संस्कृत शुद्ध वैज्ञानिक भाषा है, इसमें कोई अपवाद नहीं है और भारतीय भाषाओं की जननी के रूप में सर्वमान्य है. उन्होंने आद्य शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों धाम की व्याख्या करते हुए कहा कि अपने देश के प्रत्येक कोने में जाए और वहां की संस्कृति और भाषा का अनुसार करें.

## अभिनेत्री नुसरत भरूचा के खिलाफ फतवा जारी

### ज्योतिर्लिंग महा कालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद छिड़ी बहस

**उज्जैन, 30 दिसंबर. प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महा कालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद देशभर में धार्मिक स्वतंत्रता और एकता को लेकर बहस छिड़ गई.**

अभिनेत्री द्वारा प्रात:कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए जाने पर उनके खिलाफ मुस्लिम समाज के एक वर्ग की ओर से फतवा जारी किया गया है. नुसरत भरूचा 30 दिसम्बर सुबह महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने विधिवत भस्म आरती में भाग लिया और जल अर्पित कर भगवान महाकाल से आशीर्वाद लिया. दर्शन के उपरांत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत व सत्कार किया गया. मंदिर समिति के प्रतिनिधि शिवकांत पांडे द्वारा उन्हें प्रसाद भेंट किया गया. इधर अभिनेत्री के इस धार्मिक आचरण को लेकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिज़्वी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने बयान जारी कर कहा कि नुसरत भरूचा द्वारा महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना करना, जल चढ़ाना और धार्मिक परंपराओं का पालन करना इस्लामिक शरीयत के खिलाफ है. मौलाना ने अभिनेत्री को शरीयत की नजर में गुनहगार बताते हुए तौबा करने और कलमा पढ़ने की बात कही है. फतवा जारी होने के बाद यह मामला सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर चर्चा का विषय बन गया है. अलग-अलग वर्गों से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं.



> **अब तक अभिनेत्री ने नहीं दिया बयान**
>
> नुसरत भरूचा के महाकाल दर्शन के बाद उपजे इस विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब देश में सभी धर्मों के सम्मान और सह-अस्तित्व की बात की जाती है, तो फिर इस प्रकार के फतवे और बयान क्यों सामने आते हैं। फिलहाल अभिनेत्री की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।